# 50 लाख का सामान क्राइम ब्रांच भोपाल ने किया जब्त

## अंतर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार




नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 सितबंर. क्राइम ब्रांच भोपाल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले नेटवर्क का खुलासा किया है. टीम ने एमडी ड्रग्स की खेप जब्त करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

आरोपियों के पास से 56.96 ग्राम एमडी पाउडर, एक चार पहिया वाहन, दो मोटर सायकिल, चार मोबाइल फोन और एक इलेक्ट्रानिक कांटा जब्त किया गया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 50 लाख रुपए है.

क्राइम ब्रांच को सूचना मिला थी कि शाहजहांनाबाद स्थित ईदगाह हिल्स में दो व्यक्ति मोटरसायकिल से एमडी पाउडर की सौदेबाजी कर रहे हैं, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़े जाने पर उन्होंने अपना नाम पता बताया. आरोपियों की पहचान अफजल खान उम्र 32 वर्ष निवासी निशातपुरा, किफायतुल्लाह खान उम्र 51 वर्ष निवासी आगर मालवा जिले के रूप में की गई. आरोपियों के पास से तलाशी लेने पर अफजल से 22.45 ग्राम एमडी पाउडर व एक ओप्पो मोबाइल तथा मोटरसायकिल बरामद हुई. आरोपी किफायतुल्लाह से 31.21 ग्राम एमडी पाउडर, एक रियलमी मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल, एक काली अल्टो कार तथा एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा विधिवत जब्त किया गया.

गिरफ्तार आरोपी अफजल ने पूछताछ में बताया कि वह पहले भी कई बार दोस्त अरबाज से एमडी पाउडर खरीद चुका है. अरबाज के जेल जाने के बाद उसने अरबाज के ससुर किफायतुल्लाह से 22 ग्राम एमडी खरीदी.

पूछताछ में किफायतुल्लाह ने स्वीकार किया कि उसका दामाद अरबाज (वर्तमान में इंदौर जेल में बंद) एमडी बेचता था, उसके मोबाइल से आये ऑनलाइन पैसों के आधार पर वह भोपाल आया और मंजूर निवासी इमामी गेट थाना शाहजहांनाबाद को 3 ग्राम तथा अफजल को 22 ग्राम एमडी दी. आरोपी किफायतुल्लाह ने बताया कि कुल 56.96 ग्राम एमडी उसने राजस्थान से लेना बताया. क्राइम ब्रांच की टीम ने संदेही मंजूर उम्र 37 साल को बाबे अली ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया. जिसके पास से 3.30 ग्राम एमडी पाउडर एवं एक वन प्लस का मोबाईल फोन तथा एक मोटर सायकिल हीरो कंपनी का जब्त कर लिया गया.

# 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा अब दो वर्षीय प्रोग्राम

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने किए बदलाव, 75 प्रतिशत की उपस्थिति अनिवार्य

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 20 सितम्बर. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक बार फिर 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर अहम बदलाव किए हैं. जिसके अनुसार अब 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा को दो वर्षीय प्रोग्राम माना जायेगा.**

अब से किसी भी विषय की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्र को उस विषय की दो साल तक पढ़ाई करना अनिवार्य होगा। बोर्ड ने यह स्पष्ट किया है कि नौवीं-10 वीं कक्षा में छात्र को पांच मुख्य विषयों के साथ दो अतिरिक्त विषय और 11 वीं-12 वीं कक्षा में छात्र को पांच मुख्य विषयों के साथ एक अतिरिक्त विषय लेने की अनुमति होगी। जिसे छात्र को पूरे दो साल तक पढ़ना होगा। तब ही वह बोर्ड परीक्षा के लिए योग्य हो सकेगा। अगर छात्र ने नौवीं कक्षा में फैशन डिजाइनिंग और पेंटिंग को वैकल्पिक विषय को चुनता है, तो उसे नौवीं के साथ-साथ दसवीं में भी ये दोनों विषय पढ़ने होंगे। छात्र दसवीं कक्षा में अपना विषय नहीं बदल सकेगा। ठीक ऐसी ही स्थिति 11 वीं और 12 वीं कक्षा में भी लागू की जाएगी। इसके साथ ही बोर्ड ने यह भी बताया है कि परीक्षाओं में बैठने के लिए 75 प्रतिशत की उपस्थिति अनिवार्य है। इसके साथ ही सभी विषयों का आंतरिक मूल्यांकन करना भी अनिवार्य कर दिया गया है. अगर छात्र रोजाना स्कूल नहीं आते हैं, तो उनका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उन्हें आवश्यकतानुसार पुनरावृत्ति की श्रेणी में रख दिया जायेगा.

### सीबीएसई ने स्कूलों को दी चेतावनी

सीबीएसई ने स्कूलों को चेतावनीदेते हुए कहा है कि वे बोर्ड की अनुमति के बिना कोई नया विषय न शुरू करें. अगर स्कूल के पास मान्यता प्राप्त शिक्षक, प्रयोगशालाएं और संसाधन नहीं हैं, तो किसी भी विषय को मुख्य या अतिरिक्त विषय केह्यह्य रूप में न जोड़ा जाये.

सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज के अनुसार ये बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप हैं और शिक्षा प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लागू किए जा रहे हैं.

## 50 शूटरों से फिर हो सकती है पूछताछ

**भोपाल.** शहर में 30 शूटर्स के शस्त्र लाइसेंस रद्द किए जाने के बाद अन्य शूटरों को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है. जानकारी सामने आई है कि जांच की रडार पर बचे हुए 50 शूटरों पर फिर से बुलाकर पूछताछ की जा सकती है. जिला प्रशासन ने सभी 80 शूटरों को पूर्व में एसडीएम कार्यालय बैरागढ़ में तलब किया था. जांच अधिकारी एडिशनल डीसीपी दीपक नायक ने कहा है कि कई शूटरों ने कारतूसों को गलत इस्तेमाल किया है. आरोप में घिरे शूटरों ने अपने आपराधिक रिकॉर्ड भी छुपाए थे. शूटरों को शूटिंग मैच से पहले पुलिस का क्लेरिफिकेशन देना होता था.




**सड़कों पर ट्रैफिक जाम**

**भोपाल.** राजधानी में भगवान अग्रसेन महाराज की जयंती के मौके पर शनिवार को राजधानी में शोभा यात्रा निकाली गई. इस दौरान शहर की सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या भी बनी. शोभा यात्रा के दौरान रोशनपुरा चौराहे पर वाहनों का जाम देर तक लगा रहा.

## एक नजर में

### शादी का झांसा देकर तलाकशुदा महिला से दुष्कर्म

**भोपाल.** निशातपुरा इलाके में एक तलाकशुदा महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. आरोपी ने महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया. पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. आरोपी पिछले 6 महीने से पीड़िता को झांसे में रख कर अवैध संबंध बनाए. अब वह शादी करने से मुकर रहा है. 30 वर्षीय महिला का अपने पति से तलाक होने के बाद वह अपने बच्चों के साथ अकेले रह रही थी. इस दौरान उसके पूर्व परिचित युवक फिरदौस ने महिला की मदद करनी शुरू की. दोनों के बीच प्रेम प्रसंग होने के बाद आरोपी ने महिला को शादी करने का झांसे देते हुए अवैध संबंध बनाया.

### मंडीदीप में फोम कंपनी में लगी आग

**मंडीदीप.** भोपाल के पास मंडीदीप के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अनन्या पैकर्स कंपनी में शाम करीब 7 बजे आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि दूर से दिखाई दे रही थी। रात 10 बजे तक 20 दमकलों की मदद से 75 फीसदी आग पर काबू पा लिया गया। वहीं मलबे के अंदर लगी आग को बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कंपनी एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष राजीव अग्रवाल की है। यह कंपनी प्रमुख कंपनियों के लिए री-बॉंडेड फोम के गद्दे बनाती है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव और एसडीओपी शीला सुराणा मौके पर पहुंचे.

### हैदराबाद और अहमदाबाद के लिए नई उड़ान सुविधा

**भोपाल.** राजा भोज एयरपोर्ट से हवाई यात्रियों को और ज्यादा कनेक्टिविटी की सुविधा मिल रही है. भोपाल से बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद और अहमदाबाद के लिए चार नई उड़ान सेवाएं शुरू की गई है, जो अलग-अलग प्रमुख शहरों को जोड़ रही है. भोपाल से अहमदाबाद के लिए एक नई उड़ान 21 सितंबर से और हैदराबाद के लिए एक नई उड़ान 22 अक्टूबर से शुरू होगी. बीते 15 सितंबर से बेंगलुरु के लिए एक नई उड़ान शुरू हुई है. 16 सितंबर को भोपाल से दिल्ली के लिए एक और नई उड़ान शाम के समय शुरू हुई है.

# त्योहार पर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन

**भोपाल 20 सितम्बर. रेल प्रशासन द्वारा त्योहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है.**

इसी कड़ी में पश्चिम रेलवे के भोपाल मंडल होकर दुर्गा, दिवाली एवं छठ पूजा त्योहारों के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 09029/09030 बांद्रा टर्मिनस-रीवा-बांद्रा टर्मिनस के मध्य 11-11 ट्रिप साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल फेयर ट्रेन चलाई जा रही है. यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गंतव्य को जा रही है. इस गाड़ी में 20 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार एवं 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच है.

गाड़ी संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस से रीवा साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 18 सितंबर से 27 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से सुबह 04:30 बजे प्रस्थान कर, इटारसी रात 21:05 बजे, पहुंचकर अगले दिन मदनमहल मध्य रात्रि 00:50 बजे, कटनी 02:40 बजे, मैहर 04:08 बजे, सतना प्रात: 06:30 बजे और शुक्रवार सुबह 07:45 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी. इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09030 रीवा से बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 19 सितम्बर से 28 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को रीवा स्टेशन से सुबह 11:00 बजे प्रस्थान कर, सतना दोपहर 12:40 बजे, मैहर 13ऽ03 बजे, कटनी 13:55 बजे, मदनमहल 15:40 बजे, इटारसी रात 20:45 बजे पहुंचकर और दूसरे दिन शनिवार दोपहर 14:00 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी.

गाड़ी के ठहराव: यह अनारक्षित स्पेशल फेयर ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खण्डवा, इटारसी , मदनमहल, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर रुकेगी. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्री स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन वेबसाइट एनटीईएस से प्राप्त कर सुविधा का लाभ ले सकते हैं.

# गोविंदपुरा एसडीएम को जमीन के दस्तावेज देंगे दोनों पक्ष

**हथाईखेड़ा में खसरा नंबर-45 पर अतिक्रमण का मामला**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 सितबंर. गोविंदपुरा एसडीएम ने अब अनंतपुरा में सरकारी जमीन पर हिन्दू और मुस्लिम पक्ष से दस्तावेजों को तलब के निर्देश दिए हैं.**

हथाईखेड़ा में हिन्दू पक्ष के श्मशान (जहां मृत बच्चों को दफन किया जाता है) पर कब्जा किया गया है. दोनों पक्षों को अब इस मामले में 23 सितबंर तक अपने दस्तावेज एसडीएम कार्यालय को सौंपने होंगे, जिसके बाद ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. एसडीएम की ओर से जारी आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि वास्तविक कब्जे को लेकर दावा करने वाले पक्षों को दस्तावेज सौंपने जरूरी है. इस मामले में हरिओम शर्मा की ओर से आवेदन देकर यह जानकारी दी गई है कि जिस स्थान पर अन्य समुदाय के लोग रहते हैं. वहां बीते अगस्त महीने के बाद से अब तक 3 शव को दफनाया गया है. जानकारी सामने आई है कि आवेदक ने उल्लेख किया है कि हथाईखेड़ा सिविल अस्पताल से लगी जमीन खसरा नंबर-45 पर अवैध ढांचा बनाकर और यहां पर वक्फ बोर्ड का एक बोर्ड लगा दिया गया था.



# कार्यशाला में समाज के कमजोर वर्गों को लेकर दिया गया बल

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 सितबंर. समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता विषय पर रेंज स्तरीय एक दिवसीय सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ. विशेष शाखा प्रशिक्षण संस्थान इंटीग्रेटेड भवन श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.**

इस मौके पर भोपाल रेंज के तहत जिला नगरीय भोपाल, देहात भोपाल विदिशा, सीहोर एवं राजगढ़ से उप पुलिस अधीक्षक स्तर से लेकर सहायक उप निरीक्षक स्तर तक के 50 प्रतिभागी शामिल हुए. कार्यकम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अभय सिंह, (भापुसे) पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन द्वारा किया गया. प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण दिये जाने के लिए व्याख्याता के रूप में मनीषा पटेल, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, पुलिस आयुक्त कार्यालय नगरीय पुलिस भोपाल, पिंकी जिमनानी सहायक पुलिस महानिरीक्षक महिला सुरक्षा पुलिस मुख्यालय भोपाल, दीपक पांडेय उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम शहर भोपाल, प्रशांत आर्य सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा प्रतिभागियों को कानून, पुलिस विवेचना, जाति प्रमाण पत्र, राहत प्रकरण, महिला अपराध आदि विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षित किया गया.

दीपाली जैन के द्वारा स्वयं परिचर्चा में प्रशिक्षणार्थियों को एफआईआर लेखन, एमपीटास पोर्टल, जाति प्रमाण पत्र के लिए उक्त फार्म भरते समय रखी जाने वाली सावधानियां एवं राहत प्रकरण के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्तर के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदाय की गई. दीपाली जैन पुलिस अधीक्षक अजाक भोपाल रेंज एवं मंजू लता खत्री अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अजाक/महिला सुरक्षा नगरीय पुलिस भोपाल के द्वारा उक्त एक दिवसीय सेमीनार/प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक अजाक रेंज भोपाल दीपाली जैन के नेतृत्व में हुआ.

# जिला नगरीय भोपाल ने जीते 34 पदक

## जिला वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 20 सितबंर. 64वीं मध्य जोन अंतर जिला वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ. मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक देहात जोन भोपाल अभय सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए.**




समस्त प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला नगरीय भोपाल ने 34, द्वितीय स्थान पर जिला सीहोर ने 32 एवं जिला रायसेन ने 07 गोल्ड मेडल जीतकर तृतीय स्थान प्राप्त किया. समापन कार्यक्रम में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिले के खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया. पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा का संक्षिप्त परिचय दिया गया. समारोह के मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया. इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि ने रेफरी एवं प्रशिक्षकों तथा ऑक्सफोर्ड स्कूल के बैंड दल को शील्ड एवं प्रमाण पत्र दिए जाकर सम्मानित किया. सीहोर जिले की मेजबानी में आयोजित 64वीं मध्य जोन अंतर जिला वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता - 2025 15 सितम्बर से प्रारंभ हुई थी. यह प्रतियोगिता पाँच दिवसीय रोमांचक खेल मुकाबलों के बाद सफलता पूर्वक संपन्न हुई.

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत, नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर डॉ. अभिनंदना शर्मा, डीसीपी आजक प्रवीण चढ़ोकर, डीएसपी हेमंत पांडे, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा, थाना प्रभारी कोतवाली,मंडी आदि उपस्थित रहे.

## हत्या के प्रयास के आरोपी को हुई जेल

**भोपाल.** थाना शाहजहांनाबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को हलालपुर बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है. आरोपी मनीष नीलकंठ ऊर्फ सतीश नीलकंठ घटना को अंजाम देने के बाद अपने गांव खरगौन भागने की फिराक में था. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा दिया है. पुलिस जानकारी के अनुसार फरियादी सुनील खांडे उम्र-36 साल निवासी शाहजहाँनाबाद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायतकर्ता के अनुसार बीते 15 सितबंर को वह और उनके एक साथी देवकरण एक मकान में टाइल्स लगाने का काम कर रहे थे.

**परेशानी** ▶ नादरा बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 यातायात का आत्यधिक दबाव

# वार्ड 18 क्षेत्र में जाम की समस्या, बेतरतीब पार्किंग ने बढ़ाई परेशानी



जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 20 सितंबर. वार्ड क्रमांक 18 में आने वाला नादरा बस स्टैंड से लेकर भोपाल जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 तक का इलाका इन दिनों भारी यातायात दबाव से जूझ रहा है. इस क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है.**

खासकर बस स्टैंड के सामने और कवाली मंदिर पर दोपहिया वाहन चालक सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी कर देते हैं, जिससे पूरा रास्ता जाम हो जाता है.

व्यापारियों ने बताया कि इस समस्या के कारण न सिर्फ खरीददारों को दिक्कत होती है, बल्कि दुकानदारों के व्यापार पर भी असर पड़ रहा है. ग्राहक जाम और अव्यवस्था देखकर अक्सर अन्य जगहों पर खरीदारी करना पसंद करते हैं. स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द मल्टीलेवल पार्किंग या फिर अलग से दोपहिया पार्किंग स्थल का निर्माण कराया जाए. इसके साथ ही यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए. वार्ड 18 का नदर्रा बस स्टैंड और कवाली मन्दिर मार्ग फिलहाल पार्किंग अव्यवस्था की वजह से जाम का घर बन चुका है. प्रशासन और मन्दिर ट्रस्ट द्वारा यदि शीघ्र ही उचित पार्किंग व्यवस्था विकसित नहीं की गई तो यहां की यातायात समस्या और गहराती चली जाएगी. कवाली मंदिर में पिछले 33 वर्षों से दुकान लगाकर रह रहे व्यापारी संतोष सैनी का कहना है कि सुबह से रात तक दोपहिया वाहन सड़क के दोनों ओर खड़े रहते हैं. दोपहर 2 से 3 बजे के बीच स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि पैदल चलने वालों तक के लिए जगह नहीं बचती है. दिन में पांच से छह बार प्रशासन की गाड़ी यहां आती हैं, लेकिन गली में घुसने के लिए ही प्रशासन को जगह खाली करनी पड़ती है.

वार्ड 18 के पार्षद राजू कुशवाह ने बताया कि कवाली मन्दिर ट्रस्ट ही पुरे मार्ग को संचालित करता है वो ना हमे टैक्स देता है ना सफाई करवाता है. पार्किंग भी वही देखते है. पर बाकि वार्ड की पार्किंग समस्या को जल्द ही ठीक करा जाएगा.